

श्री शशांक मिश्रा
निदेशक (सरकारी नामिति)

श्री शशांक मिश्रा आईएएस अधिकारी (मध्य प्रदेश: 2007) हैं और इन्होंने आईआईटी दिल्ली से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री प्राप्त की है। वर्तमान में, वे विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। वे आरईसी लिमिटेड के निदेशक मंडल में सरकारी नामिती निदेशक भी हैं। विद्युत मंत्रालय में पदभार-ग्रहण करने से पूर्व, वे राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार में कार्यरत थे।

वे मध्य प्रदेश सरकार में विभिन्न पदों पर भी कार्यरत रहे हैं, जिनमें मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड, मध्य प्रदेश भवन विकास निगम लिमिटेड और मध्य प्रदेश राज्य परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष तथा मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के सीईओ के रूप में कार्य-निर्वहन करना शामिल है।